# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिन की सेशेल्स यात्रा पर विक्टोरिया पहुंच गए हैं। सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने उनका स्वागत किया।

2. आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

3. राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के तहत कल द्वीप समूह में पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा।

4. विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप और चेन्नई से रवाना हुए एम वी कैम्पबेल बे की कल सुबह तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिन की सेशेल्स यात्रा पर विक्टोरिया पहुंच गए हैं। हवाई अड्डे पर सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने उनका हार्दिक स्वागत किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसके लिए राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स हिंद महासागर में भारत का महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार और करीबी मित्र है। श्री मोदी ने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए भारत और सेशेल्स के दीर्घकालिक संबंधों और सहयोग को बढावा देने के लिए सार्थक यात्रा की उत्सुकता प्रकट की। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रवासी भारतीय समुदाय को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रवासी समुदाय ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति को जिस तरह से विदेशों में संरक्षित और संजोए रखा है, वह सराहनीय है। प्रधानमंत्री सेशेल्स के पचासवें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ पैंतीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, कल विज्ञान भवन, नई दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई डिजिटल पहल का शुभारंभ करेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और राष्ट्रीय EHR मानक संसाधन केंद्र के तत्वावधान में विकसित इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना, डेटा आदान–प्रदान को मजबूत करना और देशभर में स्वास्थ्य के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को अपनाने में तेजी लाना है। शुरू की जाने वाली पहल में से एक है आरोग्य सेतु 2.0, जो नागरिकों के लिए एक व्यापक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड एप्लिकेशन है। यह एप्लिकेशन आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता बनाने और प्रबंधन करने, डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच और साझा करने, सहमति आधारित स्वास्थ्य सूचना आदान–प्रदान, एआई–संचालित स्वास्थ्य अंतर्दृष्टि और स्मार्ट स्वास्थ्य रिपोर्ट, स्कैन और रजिस्टर के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण और परिवार स्वास्थ्य प्रबंधन को सक्षम बनाता है। आयुष्मान ऐप आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों के लिए एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाओं की सुविधा प्रदान करेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण पहल आयुष्मान सारथी है, जो आयुष्मान भारत PM–JAY योजना के लाभार्थियों के लिए एक व्हाट्सएप चौटबॉट है। नागरिकों के लिए उपयोगी एप्लिकेशंस के अलावा, स्वास्थ्य सेवा वितरण, दावों के प्रसंस्करण, मानकीकरण और स्वास्थ्य सेवा तंत्र में नवाचार को मजबूत करने के उद्देश्य से डिजिटल स्वास्थ्य और डेटा आदान–प्रदान पहल की एक श्रृंखला भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा राष्ट्र को समर्पित की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के तहत कल द्वीप समूह में पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह साढ़े आठ बजे शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, जंगलीघाट में होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव एवं मिशन निदेशक, वंदना राव मुख्य अतिथि होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के निदेशक डॉ. एच. एम. सिद्धाराजु कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अतिथियों द्वारा पात्र बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की दो बूंदें पिलाकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए स्कूल शिक्षकों से स्व–नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार शिक्षकों की प्रतिष्ठा बढ़ाने और प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत उत्कृष्ट शिक्षकों की सराहनीय सेवाओं को सार्वजनिक पहचान देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, स्थानीय निकायों द्वारा संचालित, राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, केंद्र सरकार के स्कूलों, रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित स्कूलों, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों और सीबीएसई या सीआईएससीई से संबद्ध स्कूलों में कार्यरत सभी स्कूल शिक्षक और स्कूल प्रमुख इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। सामान्यतः सेवानिवृत्त शिक्षक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। हालांकि, जिन्होंने इस कैलेंडर वर्ष में 30 अप्रैल तक अपनी सेवा प्रदान की है, वे पात्र हो सकते हैं।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से रवाना हुआ जहाज़ एम स्वराजद्वीप की कल सुबह 8 बजे तक श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है। जहाज पर करीब नौ सौ यात्री सवार है। जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

उधर, चेन्नई से रवाना हुआ जहाज़ एम वी कैम्पबेल बे की भी कल सुबह दस बजे तक श्री विजयपुरम पहुँचने की उम्मीद है। जहाज पर लगभग साढ़े तीन सौ यात्री सवार है।

<><><><><><><>

आई सी ए आर– कृषि विज्ञान केन्द्र, निंबुडेरा ने यूटी – कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एंजेसी, कृषि विभाग और प्रशासन के सहयोग से हाल ही में मध्योत्तर अंडमान के डिगलीपुर ब्लॉक के सुभाषग्राम और मधुपुर गांवों में खेत बचाओ अभियान के तहत टिकाऊ खेती के तरीकों पर जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में संतुलित खाद का इस्तेमाल, सॉइल हेल्थ कार्ड का महत्व और सही इस्तेमाल, वर्मीकम्पोस्टिंग और कम्पोस्टिंग के ज़रिए एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, बायो–फर्टिलाइज़र से बीज का

उपचार, धान की वैज्ञानिक खेती के तरीके, एकीकृत कीट प्रबंधन, और जैविक व प्राकृतिक खेती के तरीकों को बढ़ावा देना शामिल था। किसानों को बेहतर फसल किस्मों को अपनाने के महत्व के बारे में भी बताया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाली फसलों को अपनाने और खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए धान और सब्जियों की बेहतर किस्मों के अच्छे बीज बांटे गए। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र निंबुडेरा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वाई. रामकृष्ण और केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. जय सुंदर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में कुल बयालीस किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पुणे, महाराष्ट्र में 24 से 27 जून तक आयोजित U–23 और पहली पैरा नेशनल रोइंग चौंपियनशिप में स्नेहा टोप्पो और पी. अलगम्मल ने BLW2X इवेंट में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर द्वीप समूह का नाम रोशन किया है। यह शानदार उपलब्धि एथलीटों के समर्पण, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है, जिन्होंने देश भर से आए मज़बूत प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ़ बेहतरीन प्रदर्शन किया। ANRA के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर, महासचिव ईसुदासन और ANRA के सभी समिति सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने नेशनल चौंपियनशिप के लिए एथलीटों को तैयार करने में कोचों के अटूट मार्गदर्शन, प्रतिबद्धता और सहयोग की भी सराहना की।

<><><><><><><>